प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय कामधेनु अवार्ड से सम्मानित

पंतनगर। ०२ जून, २०१७। पंतनगर विश्वविद्यालय को केन्द्रीय कृषि मंत्री, श्री राधा मोहन, सिंह द्वारा राष्ट्रीय कामधेनु पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र के साथ रू. ३ लाख की धनराशि सम्मिलित है। इस अवसर पर कुलपति, डा. जे.कुमार; अधिष्ठाता पशुचिकित्सा, डा.जी.के सिंह; संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डेरी फार्म, डा. अनिल कुमार; एवं विभागाध्यक्ष, डा. डी.वी. सिंह, उपस्थित थे। डा. जी.के. सिंह ने बताया कि यह पुरस्कार भारतीय गोपशुओं की नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वर्ष २०१४ में भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ राष्ट्रीय गोकुल मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत दिया गया। इस मिशन के अन्तर्गत १ जून २०१७ को विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देशी गायों की उत्पादकता वृद्धि एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से केन्द्रीय कृषि मंत्री, ने राष्ट्रीय कामधेनु एवं गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान किये।

इस राष्ट्रीय मिशन में देश को पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, दक्षिणी एवं उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। इस अवसर पर पांचों क्षेत्रों से आये चयनित गोपालकों व संस्थानों के प्रतिनिधियों को उनके कार्य में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। उत्तरी पहाड़ी क्षेत्र के अन्तर्गत पंतनगर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक डेरी फार्म, नगला, पर संरक्षित साहीवाल गायों की इकाई को राष्ट्रीय कामधेनु पुरस्कार (द्वितीय स्थान) प्रदान किया गया। ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में पंतनगर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक डेरी फार्म पर २६० से अधिक साहीवाल पशुओं की संख्या है, जिनके संरक्षण व संवर्धन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित अखिल-भारतीय गोपशु साहिवाल परियोजना, जिसके परियोजनाधिकारी, डा. शिव कुमार व स्थानीय समन्वयक, डा. आर.के. शर्मा हैं, का महत्वपूर्ण योगदान है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री, श्री राधा मोहन सिंह से कामधेनु अवार्ड प्राप्त करते पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. जे. कुमार, एवं अन्य वैज्ञानिक।